राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u> :–

दिनांक : 23.02.2014

आयोग द्वारा संचालित **<u>वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II प्रतियोगी परीक्षा, 2013</u>** के संबंध में आयोग एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता एवं परीक्षा प्रणाली की शुचिता को निर्धारित प्रक्रिया से आश्वस्त होकर ही पारदर्शिता के साथ परीक्षा आयोजित की जा रही है। कुछ शरारती तत्वों द्वारा बिना किसी आधार के अफवाहें फैलाकर परीक्षा में व्यवधान फैलाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है जो कि परीक्षार्थियों के पक्ष में नहीं है।

अतः सभी परीक्षार्थियों से अपील की जाती है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें एवं परीक्षा में सम्मिलित हों। परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर जिला प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर आयोग उचित निर्णय लेगा।

(निष्काम दिवाकर)
सचिव